**भारत सरकार**

**संस्कृति मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2249**

**उत्तर देने की तारीख : 08 मार्च, 2021**

**नए विज्ञान संग्रहालय की स्थापना**

**2249. श्री चिराग कुमार पासवान :**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का देश में कुछ और नए विज्ञान संग्रहालय स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य–वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त संग्रहालयों पर कितनी धनराशि खर्च की जाएगी; और

(घ) उक्त संग्रहालय कब तक स्थापित किए जाएंगे?

**उत्तर**

**(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

**संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

(क) से (घ) : जी, हां। विज्ञान केन्द्रों/शहरों की स्थापना संस्कृति मंत्रालय के स्वायत्त संगठन, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) द्वारा की जाती है। एनसीएसएम संस्कृति मंत्रालय (एमओसी) की विज्ञान की संस्कृति के संवर्धन हेतु स्कीम (एसपीओसीएस) के अंतर्गत एमओसी की कार्यान्वयन एजेंसी है और स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार बाधा रहित नि:शुल्क विकसित भूमि, निधियों की साझेदारी और अन्य प्रतिबद्धताओं सहित डीपीआर प्रस्तुत किए जाने पर राज्य/संघ राज्य सरकार के अनुरोध पर इन विज्ञान संग्रहालयों की स्थापना करती है।

मंत्रालय ने अनुलग्नक में संलग्न सूची के अनुसार भारत सरकार की एसपीओसीएस स्कीम के अंतर्गत नए विज्ञान शहरों/केन्द्रों की स्थापना के लिए परियोजनाओं पर कार्य किया है।

अनुलग्नक

नए विज्ञान संग्रहालय की स्थापना के संबंध में दिनांक 8 मार्च, 2021 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2249 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भारत सरकार की एसपीओसीएस स्कीम के अंतर्गत एनसीएसएम द्वारा आरंभ की गई नई विज्ञान केन्द्र परियोजनाएं

| क्र. सं. | भारत सरकार की एसपीओसीएस स्कीम के अंतर्गत एनसीएसएम द्वारा आरंभ की गई विज्ञान केन्द्र परियोजनाओं के नाम | जिस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अवस्थित है | परियोजना लागत (राशि लाख रु. में) | परियोजना लागत की हिस्सेदारी (प्रतिशत में) | | परियोजना को पूरा किए जाने की संभावित तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | भारत सरकार | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | |
| 1 | विज्ञान शहर, गुवाहाटी | असम | 11000.00 | 90% | 10% | 31.03.2024<br>04.04.2019<br>(निर्माण कार्य के लिए आशय पत्र की तारीख)<br>आशय पत्र के जारी होने की तारीख से 54 माह |
| 2 | क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, कोट्टायम | केरल | 1450.00 | 50% | 50% | 31.12.2021 (कोविड-19 लॉकडाउन के कारण विलंबित) |
| 3 | उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, पालमपुर | हिमाचल प्रदेश | 600.00 | 100% | 0% | 31.12.2021 [(कोविड-19 लॉकडाउन के कारण विलंबित) |
| 4 | उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, उदयपुर | त्रिपुरा | 600.00 | 90% | 10% | 28.2.2021 (उद्घाटन की निर्धारित तारीख) |
| 5 | उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, गया | बिहार | 500.00 | 50% | 50% | 31.12.2021 (कोविड-19 लॉकडाउन के कारण विलंबित) |
| 6 | उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, अल्मोड़ा | उत्तराखंड | 600.00 | 100% | 0% | 31.03.2022 |
| 7 | उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, उदयपुर | राजस्थान | 500.00 | 50% | 50% | 31.03.2022 |
| 8 | उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, मायाबंदर | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 600.00 | 90% | 10% | आशय पत्र के जारी होने की तारीख से 27 माह तक। कार्य अभी आरंभ किया जाना है। |
| 9 | उप-क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, कोकराझार | असम | 600.00 | 90% | 10% | 31.12.2021 |

| क्र. सं. | भारत सरकार की एसपीओसीएस स्कीम के अंतर्गत एनसीएसएम द्वारा आरंभ की गई विज्ञान केन्द्र परियोजनाओं के नाम | जिस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में अवस्थित है | परियोजना लागत (राशि लाख रु. में) | परियोजना लागत की हिस्सेदारी (प्रतिशत में) | परियोजना को पूरा किए जाने की संभावित तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), राजमुंदरी | आंध्र प्रदेश | 1520.00 | पूंजीगत लागतः 1170 (भारत सरकार:राज्य:50:50)<br>समूह निधि :350 (भारत सरकार:राज्य:20:80) | 31.03.2022 |
| 11 | डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम विज्ञान शहर, पटना | बिहार# | 19100.00 | पूंजीगत लागत 14700 (भारत सरकार:राज्य 50:50)<br>समूह निधि : 4400 (भारत सरकार:राज्य 20:80) | बिहार सरकार द्वारा परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। |
| 12 | विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), अम्बाला | हरियाणा | 1520.00 | पूंजीगत लागतः 1170 (भारत सरकार:राज्य:50:50)<br>समूह निधि :350 (भारत सरकार:राज्य:20:80) | 31.8.2022 |
| संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नई परियोजनाएं | | | | | |
| 01 | विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), जबलपुर | मध्य प्रदेश | 1520.00 | पूंजीगत लागतः 1170 (भारत सरकार:राज्य:50:50)<br>समूह निधि :350 (भारत सरकार:राज्य:20:80) | आशय पत्र के जारी होने की तारीख से 27 माह। |
| 02 | विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), श्रीनगर* | जम्मू और कश्मीर | 1820.00 | पूंजीगत लागत – 1400 भारत सरकार – 100%<br>समूह निधि – 420 भारत सरकार:राज्य – 20:80 | वही |
| 03 | विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), उज्जैन** | मध्य प्रदेश | 1520.00 | पूंजीगत लागतः 1170 (भारत सरकार:राज्य:50:50)<br>समूह निधि :350 (भारत सरकार:राज्य:20:80) | वही |
| 04 | विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), अजमेर** | राजस्थान | 1520.00 | पूंजीगत लागतः 1170 (भारत सरकार:राज्य:50:50)<br>समूह निधि :350 (भारत सरकार:राज्य:20:80) | वही |
| 05 | विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), कन्याकुमारी** | तमिलनाडु | 1520.00 | पूंजीगत लागतः 1170 (भारत सरकार:राज्य:50:50)<br>समूह निधि :350 (भारत सरकार:राज्य:20:80) | वही |
| 06 | विज्ञान केन्द्र (श्रेणी-II), बीकानेर** | राजस्थान | 1520.00 | पूंजीगत लागतः 1170 (भारत सरकार:राज्य:50:50)<br>समूह निधि :350 (भारत सरकार:राज्य:20:80) | वही |
| 07 | विज्ञान शहर, देहरादून*** | उत्तराखंड | 17300.00 | पूंजीगत लागत – 13400 भारत सरकार:राज्य - 60:40<br>समूह निधि– 3900 भारत सरकार:राज्य – 20:80 | आशय पत्र के जारी होने की तारीख से 54 माह। |

* परियोजना संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कार्य अभी शुरू किया जाना है, क्योंकि राज्य सरकार द्वारा स्थल की अपेक्षा के अनुसार समूह निधि की हिस्सेदारी जारी की जानी है और स्थल विकास से संबंधित सूचना दी जानी है।

** परियोजना संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुमोदित। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने हैं और राज्य सरकार द्वारा निधियां जारी की जानी हैं।

@ परियोजना के लिए निधि प्राप्त की गई। तथापि, समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने हैं।

*** डीआईबी की बैठक में परियोजना को अनुमोदित किया गया। समझौता ज्ञापन पर 05.02.2021 को हस्ताक्षर किए गए।

# बिहार सरकार द्वारा परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है।